गया में बड़े ब्रांड के लाखों रूपये के नकली प्रोडक्ट पुलिस ने किया बरामद, कारोबारी को मौके से किया गिरफ्तार

GAYA : गया में ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विसेज को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विष्णु बिहार कॉलोनी स्थित अखिलेश कुमार के मकान में ब्रांड प्रोटेक्शन की टीम ने छापेमारी की है। जहां से कई बड़े ब्रांड्स के लाखों रुपयों कानकली सामान बरामद किया है। जिसमें डेटॉल, फ्लेक्सिक्विक, हिमालय बेबी वॉश ,केटोकिप शैंपू, नाइसिल पाउडर, नवरत्न तेल, प्रोटीन एक्स, सेरेलैक समेत कई कंपनियों के नकली प्रोडक्ट बरामद की गई है। जिसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विसेज प्रा. लि. की टीम और मुफस्सिल थाने की पुलिस ने संयुक्त रुप से छापेमारी की है।

मिली जानकारी के मुताबिक ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विसेज प्रा. लि.के मैनेजिंग डायरेक्टर सैय्यद मुस्तफा हुसैन ने बताया कि ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विसेज की टीम पिछले 6 महीने से अखिलेश कुमार के मकान और गोदाम पर नजर रखे हुई थी। गया समेत आस-पास के इलाके जैसे जहानाबाद, मखदुमपुर, टेकारी जैसे बड़े बड़े मार्केट्स में बड़े पैमाने पर बड़े-बड़े ब्रांड्स के नकली प्रोडक्ट्स सप्लाई की जा रही थी।

Source: https://news4nation.com/news/police-recovered-fake-products-of-big-brands-worth-lakhs-of-rupees-in-gaya-businessman-arrested-from-the-spot-932034